बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-414
26/08/2021

# जू सफारी राजगीर में जारी विकास कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये कई दिशा–निर्देश

पटना, 26 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज जू सफारी राजगीर में जारी विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पर्यटकों के आवगमन, पशुओं के आवासन एवं खुले में उनके विचरण करने के स्थल, बॉउंड्री वॉल, आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही जरूरी सुविधाएं एवं उनकी सुरक्षा, जू सफारी के प्रवेश द्वार, एनिमल केज सहित अन्य सभी आवश्यक जानकारी दी। जू सफारी प्रांगण में पर्यटकों हेतु परिचालित होने वाले वाहन से मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केज के अंदर विश्राम कर रहे शेर, भालू, तेंदुआ आदि जानवरों के भोजन, इलाज एवं उनके रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी ली। वाहन से भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने जू सफारी परिसर में खुले में विचरण कर रहे बाघ एवं हिरण को काफी निकट से देखा।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जू सफारी के अंदर पशुओं की चिकित्सा के लिए जो चिकित्सक रहेंगे, उनके आवासन का प्रबंध भी सुनिश्चित करें ताकि पशुओं के स्वास्थ्य का निरंतर ख्याल रखा जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों को जानवरों से किसी प्रकार का नुकसान न हो, इसके लिए जानवरों को नियंत्रित रखने के लिए पुख्ता प्रबंध भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत लोग गड़बड़ी करने वाले होते हैं इसलिए यहां की सुरक्षा चाक–चौबंद होनी चाहिए ताकि गड़बड़ी की कोई गुंजाइश न रहे। छोटी सी गलती भी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमंडल श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी श्री योगेंद्र सिंह, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री हरि प्रसाथ एस0, डी0एफ0ओ0 नालंदा डॉ0 नेशमणि सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में जू और नेचर सफारी बनकर तैयार हो गया है। जू सफारी में प्रवेश के लिए बिल्डिंग बन रही है। उसी को हम देखने आये थे। यह बिल्डिंग जब बन कर तैयार हो जायेगी तो जू सफारी को आम जनता के लिए खोल दिया जायेगा। जू सफारी में कई बाघ और शेर को लाया जा चुका है। आने वाले समय में कुछ और बाघ और शेर लाये जायेंगे। आज हमलोगों ने बाघ और शेर को देखा है। उन्होंने कहा कि जू सफारी को लेकर आज हमने कई सुझाव अधिकारियों को दिये हैं। जू सफारी में जानवर खुले में घूमते रहेंगे और यहां की गाड़ी में बैठकर लोग उसका आनंद उठा सकेंगे। इसको लेकर जू सफारी में सभी तरह की सुरक्षा के प्रबंध किये जा रहे हैं। आने वाले लोगों के लिए भोजन और आपात स्थिति में इलाज की भी व्यवस्था यहां की

गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो चाहते हैं कि लोग जल्द से जल्द यहां आकर जू सफारी का आनंद ले सकें।

पटना एयरपोर्ट को लेकर केंद्रीय उड्डयन मंत्री के पत्र के संबंध में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी उन्हें इस संबंध में कोई पत्र नहीं मिला है। जातीय जनगणना को लेकर भाजपा नेता श्री सी0पी0 ठाकुर के बयान के संबंध में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई क्या बयान देता है उससे हमें कोई मतलब नहीं है। सबको मालूम है कि बिहार विधानसभा और विधान परिषद में सर्वसम्मति से जातीय जनगणना को लेकर प्रस्ताव पास किया गया था। जातीय जनगणना को लेकर व्यक्तिगत किसी की कोई राय हो सकती है, वह एक अलग बात है। लोगों की अलग–अलग सोच होती है उस पर हमारी किसी प्रतिक्रिया की जरुरत नहीं है। जातीय जनगणना को लेकर सभी पार्टी के नेताओं ने सर्वसम्मति से विधानसभा और विधान परिषद से प्रस्ताव पास किया और प्रधानमंत्री जी से मिलने के लिये भी सभी पार्टी के लोग एक साथ गये थे।

******